रजिस्टर्ड प्रोजेक्ट व प्रोमोटरों की नयी रैंकिंग जारी

रेरा

संवाददाता, पटना

बिहार रियल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (रेरा) ने प्राधिकरण से निबंधित प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की नयी रैंकिंग जारी की है. ताजा रैंकिंग सूची 15 अक्तूबर, 2024 तक उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर तैयार की गयी है. विभिन्न राज्यों में स्थापित प्राधिकारों में रेरा बिहार इस तरह की रैंकिंग देने वाला पहला प्राधिकरण है. प्राधिकरण ने बताया कि रैंकिंग की शुरुआत रेरा ने पिछले वर्ष जुलाई में की थी. बिहार रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोसेंट (बीआरक्यू) परियोजनाओं की रैंकिंग निर्माण गति, एकत्र किये गये धन के उपयोग और परियोजना के खिलाफ दर्ज शिकायत मामलों से संबंधित मापदंडों पर आधारित है. वहीं, प्रोमोटरों की रैंकिंग यानी बिहार रेरा प्रोमोटर्स कोसेंट (बीपीक्यू) प्रोमोटर के अनुभव, निबंधित परियोजनाओं की संख्या, परियोजनाओं के कार्यों का समयबद्ध पूरा होना और दर्ज मामलों से संबंधित मापदंडों के आधार पर की जाती है. नयी रैंकिंग में बीआरक्यू के अनुसार, शीर्ष पंद्रह परियोजनाओं के नाम एवं बीपीक्यू के अनुसार शीर्ष पंद्रह प्रोमोटरों के नाम नयी सूची में शामिल किये गये हैं. बिहार रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि यह रैंकिंग संभावित घर व भूखंड खरीदारों के लिए एक तरह की मार्गदर्शिका है.